वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 388 / गोप0 / प्रायो0 / 24 दिनांकः 02.05.2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर उत्तर प्रदेश।

विषय :– पूर्व में स्नातक स्तर पर प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सप्तम् व नवम् सेमेस्टर के प्रायोगिक परीक्षा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांकः 24.04.2024 में अध्यक्ष से अन्य मदों पर विचार के बिन्दु (ख) में सर्व सम्मति निर्णय लिया गया कि **"विषम सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा अभी तक नहीं सम्पन्न कराने वाले महाविद्यालयों को एक सप्ताह के अन्दर परीक्षा कराये जाने हेतु सूचना भेजी जाय, अन्यथा की स्थिति में रू0 एक लाख अर्थदण्ड अधिरोपित की जाय।"**

अतः आपसे निवेदन है कि उक्त के निर्णय के अनुपालन में आपके महाविद्यालय द्वारा अभी तक न करायी गयी प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा स्नातक स्तर पर प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सप्तम् व नवम् सेमेस्टर की प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा दिनांकः 10.05.2024 तक अवश्य करा लें अन्यथा की स्थिति में समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी, जिसमें परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय

02/05

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समाचार सम्पादक **हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, अमर उजाला** को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।

परीक्षा नियंत्रक